an>

Title: Problems faced by passengers in buying tickets at Hathras Kila Railway Station in Uttar Pradesh.

श्री राजेश कुमार दिवाकर (हाथरस) : माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, मैं तहे दिल से आपका शुक्रिया अदा करता हूँ। मैं आपके सामने एक महत्वपूर्ण विषय रखना चाहता हूँ। यदि आप अनुमति दें तो मैं अपने विषय को थोड़ा-सा बदलना चाहूँगा। यह रेलवे से ही संबंधित विषय है।

माननीय अध्यक्ष : रेलवे से संबंधित है, तो ठीक है।

श्री राजेश कुमार दिवाकर : धन्यवाद महोदया। मेरे लोक सभा क्षेत्र हाथरस में पूर्वोत्तर रेलवे के कासगंज-हाथरस खण्ड के हाथरस सिटी स्टेशन के समीप समपार संख्या 309, तालाब चौराहे के बदले सहभागिता के आधार पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण जाम से निजात पाने के लिए जनहित में तत्काल प्रभाव से होना अत्यंत आवश्यक है।

हाथरस शहर के मध्य से आगरा-अलीगढ़ मार्ग गुजरता है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग 93 के अंतर्गत आता है। वहीं दूसरी तरफ मथुरा-कासगंज रेलमार्ग भी आता है तथा इन दोनों की क्रॉसिंग शहर के मध्य में होती है। वहाँ समपार संख्या 309 स्थित है तथा इसके शहर के मध्य में स्थित होने के कारण आगरा-अलीगढ़ राजमार्ग पर वाहनों की अतिव्यस्तता होने के कारण पूरे दिन भयंकर जाम की की समस्या बनी रहती है। कासगंज-मथुरा रेलमार्ग पर भी पूरे दिन सवारी गाड़ी और माल गाड़ियों को मिलाकर लगभग 20 से ज्यादा गाड़ियाँ पास होती हैं, जिससे समपार संख्या 309 का फाटक ज्यादातर बंद रहता है। सड़क मार्ग पूरी तरह से ठप हो जाता है। इसी क्रॉसिंग के नजदीक जिला अस्पताल होने के कारण आकस्मिक घटित दुर्घटनाओं में घायल मरीजों का आना भी कठिन हो जाता है। अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से उक्त स्थान पर शीघ्र ओवर ब्रिज बनवाने की मांग करता हूँ।

हाथरस किलां स्टेशन तक से दिल्ली एक मात्र एच.ऐ.डी. ट्रेन संख्या 54582 का प्रचालन होता है। हाथरस से दिल्ली तक आने में यह ट्रेन चार घंटे से ज्यादा का समय लेती है। इसमें महिला एवं बुजुर्ग भी सफर करते हैं। लेकिन इस एक मात्र ट्रेन में शौचालय की कोई व्यवस्था नहीं है।

माननीय अध्यक्ष : सभी समस्याएँ अभी रखेंगे?

श्री राजेश कुमार दिवाकर : मैं आपके माध्यम से मांग करता हूँ कि इस एचएडी ट्रेन में शौचालय की व्यवस्था तुरन्त प्रभाव से की जाये।

माननीय अध्यक्ष :

श्री केशव प्रसाद मौर्य को श्री राजेश कुमार दिवाकर द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति दी जाती है।